C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:54 बजे




सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरूवार
सुबह 6:58 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 203 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 5 फरवरी 2025

सोनू सूद ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### विधायक ने चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

जसपुर। विधायक आदेश चौहान मंगलवार को ब्लॉक क्षेत्र गूलरगोजी और हमीरावाला गांव पहुंचे। पहले उन्होंने गूलरगोजी में विधायक निधि से बने खड़ंजे और हमीरावाला में सार्वजनिक स्थल की चहारदीवारी का लोकार्पण किया। उसके बाद उन्होंने चौपाल लगाकर गांव में तालाब, सफाई, सड़क, बिजली, पानी व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति जानी। साथ ही ग्राम समाज की खाली पड़ी भूमि के सदुपयोग पर भी चर्चा की। वहां गुलशन जहां, नईम अइहमद, बाबा मोहन दास, राजेंद्र ठेकेदार, हिमांशु नंबरदार आदि थे।

### घास लेने जंगल गई महिला पर सुअर ने किया हमला

**अल्मोड़ा।** लमगड़ा विकासखंड के चौमू गांव में घास लेने गई एक महिला पर जंगली सुअर ने हमला कर दिया। उसके झपटते ही महिला गिरकर घायल हो गई। शोर मचाने पर वन्यजीव वहां से भाग गया। चौमू गांव निवासी आशा पवार (41) सोमवार शाम घास लेने जंगल गई थीं। वह घास लेकर घर की तरफ आ रही थीं कि जंगली सुअर ने उस पर हमला कर दिया। इससे वह घास के साथ ही जमीन पर गिर गईं। इससे उसके दाहिने पैर पर चोट लग गई। परिजनों ने मंगलवार को जिला अस्पताल में उसका इलाज कराया।

### हैरी पॉटर का विजुअलाइजेशन करने वाले डेविड एडवर्ड का निधन

**एजेंसी।** मशहूर अमेरिकी आर्टिस्ट डेविड एडवर्ड ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। 83 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। लोकप्रिय अमेरिकी आर्टिस्ट, ग्राफिक डिजाइनर डेविड एडवर्ड का निधन हो गया है। हॉलीवुड रिपोर्टर के मुताबिक उन्होंने 83 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। रिपोर्ट के मुताबिक आर्टिस्ट डेविड ने सोमवार को न्यू मैक्सिको के अल्बुकर्क के एक अस्पताल में आखिरी सांस ली। डेविड के मित्र जोलिनो बेसेरा ने फेसबुक पोस्ट के जरिए उनके निधन की पुष्टि की। डेविड एडवर्ड साल 1991 से 2002 तक बर्ड वार्नर ब्रदर्स क्रिएटिव सर्विसेज में सीनियर इलस्ट्रेटर रहे।

# एसटीएच में सीटी कन्ट्रास्ट व एमआरआई कन्ट्रास्ट जांच सस्ती दरों में उपलब्ध

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल डॉ. सुशीला तिवारी में इलाज कराने वाले मरीजों के लिए राहत की खबर है। अब ओपीडी में आने वाले मरीजों को सीटी कन्ट्रास्ट और एमआरआई कन्ट्रास्ट जांच के लिए जरूरी कन्ट्रास्ट डाई अस्पताल में ही सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। ये सुविधा भर्ती मरीजों (आईपीडी) को पहले से निशुल्क दी जाती है। राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने इस संबंध में आदेश




जारी कर दिए हैं। आदेश के मुताबिक, केंद्रीय औषधि भंडार द्वारा रेडियोलॉजी विभाग को प्रत्येक मरीज के लिए कन्ट्रास्ट डाई के साथ-साथ सर्जीकल सामग्री, सीरिंज, आईवी कैथ सहित अन्य

**राहत**

- नई व्यवस्था लागू होने के बाद अन्य मरीजों को भी राहत

आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। प्राचार्य डॉ. जोशी ने अस्पताल में लागू नवीन यूजर चार्जेस की दरों पर सीटी कन्ट्रास्ट एवं एमआरआई कन्ट्रास्ट जांच के लिए कन्ट्रास्ट डाई शुल्क पर ही सभी सामग्री उपलब्ध कराने के आदेश दिये हैं। सुशीला तिवारी अस्पताल में रोजाना उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। अस्पताल में प्रतिदिन 50 से अधिक साधारण सीटी स्कैन और 15-20 मरीजों का सीटी कन्ट्रास्ट किया जाता है। वहीं, 10 से 15 मरीजों का एमआरआई होता है, जिसमें से 4-5 गंभीर मरीजोंआयुष्मान और बीपीएल कार्डधारक मरीजों को पहले से ही यह सुविधा निशुल्क दी जा रही थी। नई व्यवस्था लागू होने के बाद अन्य मरीजों को भी राहत मिलेगी।

डॉ. अरुण जोशी के इस निर्णय को मरीजों और उनके परिजनों ने सराहनीय पहल बताया है। इससे न केवल मरीजों के इलाज का खर्च कम होगा बल्कि समय की भी बचत होगी। को एमआरआई कन्ट्रास्ट डाई लगाई जाती है।

**चुनिंदा मार्गों पर ही कुछ देर के लिए प्रवेश प्रतिबंधित**

# पीएम मोदी ने संगम में लगाई डुबकी, मां गंगा को किया प्रणाम

**प्रयागराज**

**एजेंसी**

आज माघ मास की गुप्त नवरात्रि की अष्टमी तिथि है। इस दिन का धार्मिक महत्व अत्यंत विशेष माना जाता है, क्योंकि इसे ध्यान, तप और साधना के लिए अत्यंत शुभ तिथि माना गया है। इस मौके पर केसरिया वस्त्र धारण कर प्रधानमनंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद उन्होंने मां गंगा पूजा की। त्रिवेणी संगम में प्रधानमंत्री ने रुद्राक्ष की माला पहनकर पूरे मंत्रोच्चार के साथ स्नान किया और परिक्रमा की। अरैल क्षेत्र में उनकी सुरक्षा के लिए खास अलर्ट जारी किया गया है। पीएम के आगमन को लेकर पांच सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। संगम तट पर श्रद्धालुओं का जन सैलाब होने के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हनुमान मंदिर अक्षय वट दर्शन किए बिना ही लौटे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम वाले क्षेत्रों को एनएसजी ने कब्जे में ले लिया है। मजिस्ट्रेट एवं भारी



संख्या में पुलिस, पीएसी और आरएएफ के जवानों की तैनाती की गई है। पीएमओ ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री ने तीर्थ स्थलों पर बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार सक्रिय कदम उठाए हैं। मेला क्षेत्र में उनके कार्यक्रम की अवधि के दौरान चुनिंदा मार्गों पर ही कुछ देर के लिए प्रवेश प्रतिबंधित किया गया। अन्य किसी तरह का यातायात डायवर्जन कहीं भी लागू नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई। जेटी पर खड़े होकर पीएम मोदी ने मां गंगा को प्रणाम किया, आचमन के बाद डुबकी लगाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संगम में डुबकी लगाने के बाद मां गंगा की पूजा कर रहे हैं। अरैल क्षेत्र में उनकी सुरक्षा के लिए खास अलर्ट जारी किया गया है। पीएम के आगमन को लेकर पांच सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। पीएम मोदी ने संगम में डुबकी लगाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साथ में लेकिन पीएम ने अकेले ही डुबकी लगाई। इस दौरान सीआरपीएफ और सेना के जवान मुस्तैद रहे।

# भाजपा का आप पर फर्जी वोटिंग कराने का आरोप

## मतदान के बीच हंगामा

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान जारी है। 13,766 मतदान केंद्रों पर सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। मतदान केंद्रों के बाहर सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं।

आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर पैसे बांटने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भाजपा जंगपुरा में मतदाताओं को सरेआम बिल्डिंग में ले जाकर पैसे बांट रही है। यह सब दिल्ली पुलिस और चुनाव आयोग की निगरानी में किया जा रहा है। आप ने चुनाव आयोग से इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी पैसे बांट रहा है। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर 70 सीटों पर मतदान जारी है। दिल्लीवासियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। दिल्ली कैंट में मतदाताओं के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाया गय है।

ग्रेटर कैलाश विधानसभा सीट से आप उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस चिराग दिल्ली के एक मतदान केंद्र पर लोगों को वोट डालने से रोकने की कोशिश कर रही है।




# पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव, नैनीताल में देर शाम हुई बारिश

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल में मंगलवार को लंबे अरसे बाद रिमझिम पानी बरसा। पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में बदलाव आया। बुधवार (आज) से मौसम में सुधार आने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है।

बता दें नगर में मंगलवार तडके तीन बजे हल्की बारिश हुई। दिन चढने के साथ घने बादल आसमान में डेरा डाले हुए थे लेकिन दोपहर तक धूप छांव के बीच मौसम पल पल मिजाज बदलता रहा और शाम को फिर तीन बजे हल्की रिमझिम पानी बरसना शुरू हो गया जो करीब आधे घंटे जारी रहा। वर्षा थमने के बाद भी घने बादल आसमान में डेरा डाले रहे जिस कारण वर्षा की संभावना बनी हुई है। राज्य मौसम विभाग के मौसम विज्ञानी डा. रोहित थपलियाल ने बताया कि पश्चिमी का असर नैनीताल में बुधवार (आज) को लगभग समाप्त हो जाएगा लेकिन पिथौरागढ़ व बागेश्वर जिलों में जारी रहेगा। इस बीच तीन हजार मीटर से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात होने की संभावना रहेगी, इसके बाद शनिवार से एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है जिसका अधिक उच्च हिमालयी क्षेत्रों में रहेगा। नैनीताल में आंशिक असर रहने की संभावना रहेगी। नैनी झील नियंत्रण कक्ष के अनुसार तीन मिमी पानी बरसा है। नैनीझील का जलस्तर 6.5 फीट पहुंच गया है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 16 व न्यूनतम आठ डिग्री सेल्सियस रहा जबकि आद्रता अधिकतम 90 व न्यूनतम 55 प्रतिशत रही।

# उत्तराखंड: चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

चारधाम यात्रा 30 अप्रैल अक्षय तृतीया से शुरू होगी। परंपरागत रूप से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के दिन खुल जाएंगे।

चार धाम यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडे, आईजी राजीव स्वरूप, डीएम चमोली, डीएम देहरादून सहित चारों जनपदों के अधिकारी बैठक में मौजूद है। बता दें, कि चारधाम यात्रा का शुभारंभ इस बार 30 अप्रैल को होगा। धार्मिक परंपरा के अनुसार, अक्षय तृतीया के दिन गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने से यात्रा का आगाज होता है। वहीं, वसंत पंचमी के पावन पर्व पर टिहरी के नरेंद्रनगर राज दरबार में बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित हुई। बदरीनाथ धाम के कपाट इस वर्ष चार



मई को सुबह छह बजे श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे।

केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में पंचांग गणना के बाद रावल, धर्माधिकारी वेदपाठी तय करेंगे। इस साल चारधाम यात्रा 30 अप्रैल अक्षय तृतीया से शुरू होगी। परंपरागत रूप से गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के दिन खुल जाएंगे। गंगोत्री मंदिर समिति की ओर से हिंदू नववर्ष पर गंगोत्री धाम के कपाट खुलने व यमुनोत्री मंदिर समिति यमुना जयंती पर यमुनोत्री धाम के औपचारिक रूप से कपाट खुलने के समय व देवडोलियों के धाम पहुंचने के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। इसी तरह द्वितीय केदार मद्महेश्वर व तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट खुलने की तिथि वैशाखी पर तय होगी।

# अराजक तत्वों ने लगाई आग, अफरातफरी

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नगर के अयारपाटा वार्ड में न्यू परारी कॉटेज के समीप भवन के पास रखे कूड़े में अराजक तत्वों ने आग लगा दी। आग फैली तो घर के समीप गोदाम में रखी लकडियों में आग लग गई, आग देख आस के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना के बाद पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पा लिया।



बता दें कि नैनीताल में जाड़े के मौसम में लोगों की गलतियों या लापरवाही के चलते अग्निकांड होते हैं ऐसा ही अग्निकांड की एक घटना मंगलवार के तडके लगभग चार बजे अयारपाटा वार्ड में हुई। चार बजे एक भवन के समीप लकड़ी के गोदाम में भयानक आग धधक गई। आग लगने की आवाज आई तो आस पास के लोगों ने घर से बाहर आकर देखा तो तब तक भवन के समीप गोदाम धधक रहा था। स्थानीय लोगों ने तत्काल दमकल को सूचित कर दिया। सूचना के बाद दमकल की टीम मौके पर पहुंची। दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन के समीप कुछ अराजक तत्व देर रात 12 बजे तक वहां बैठे थे। स्थानीय लोग और बच्चे भी अपने घरों से पानी भरकर आग बुझाने पर जुटे रहे जिन्होंने भवन के अंदर लकड़ी के बुरादे में आग लगा दी और वह फैलकर सुबह गोदाम तक पहुँच गई। बताया कि गोदाम में लकडियां होने के कारण आग धधक गई। मामले में अग्निशमन अधिकारी किशोर उपाध्याय ने बताया कि अराजक तत्वों ने कूड़े में आग लगाई थी हल्की हवा के चलते आग धधक गई और विकराल रूप ले लिया। लेकिन घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। बताया कि आग से कोई भी जनहानि नहीं हुई है। स्थानीय निवासी मनोज कुमार ने बताया रात के समय चार नशेडियों की आवाज आ रही था और उन्हीं लोगों ने इस मकान में आग लगाई।

इस मकान में कोई नहीं रहता था केवल लकड़ी का सामान बल्लियां और लकड़ी का बुरादा पड़ा हुआ था, जब मंगलवार की सुबह घर से बाहर निकलकर देखा तो मकान में आग लगी हुई थी कि तुरंत अग्निशमन अधिकारियों को सूचना दी गई थी। अग्निशमन के कर्मचारियों स्थानीय लोगों की मदद से आग में पाया काबू और एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया। दमकल की टीम में दमकल अधिकारी किशोर उपाध्या समेत मनोज कुमार, नीरज कुमार, किशोर कुमार,भूपेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह,गोपेश पधानी, विनोद रावत तथा आनन्द गिरी आदि लोग शामिल थे।

## NEWS / फटाफट

### सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कालेज में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस में स्वयंसेवी छात्राओं की ओर से कई कार्यक्रमों में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित की गयी। इससे पूर्व कार्यक्रमों की शुरुआत स्वयंसेवी छात्राओं की ओर से प्रार्थना से की गयी। उसके बाद सभी स्वयंसेवी छात्राएं शिविर स्थल से सीधे नैनीताल-हल्द्वानी मोटर मार्ग स्थित धार्मिक स्थल हनुमानगढ़ गये, वहां पर पार्क में स्वयंसेवकों द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया। दूसरी ओर मंगलवार को एनएसएस के जिला समन्वयक जगमोहन सिंह नेगी द्वारा शिविर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान नेगी ने स्वयंसेवी छात्राओं को शिविर से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी, उसके बाद बौद्धिक सत्र प्रारंभ हुआ जिसमें योग शिक्षिका मीनाक्षी जोशी द्वारा स्वयंसेवकों को मेडिटेशन करवाया गया। इससे पूर्व शिविर की कार्यक्रम अधिकारी मोनिका बिष्ट ने सभी अतिथियों का स्वागत कर उन्हें शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी।

### यूसीसी से सामाजिक ताने-बाने को विकृत करने का कार्य किया: खष्टी

**नैनीताल ।** केंद्र की मोदी सरकार के सम्मुख खुद को अव्वल साबित करने के चक्कर में उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने यूसीसी लागू कर राज्य की संस्कृति एवं सामाजिक ताने-बाने को विकृत करने का कार्य किया है। यह बात जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट ने कही। बिष्ट ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा इस कानून के माध्यम से सरकार ने लिव इन रिलेशनशिप को वैधानिक मान्यता दे दी है जो समाज का पश्चति कारण ही नहीं प्रदेश की सभ्य संस्कृति के साथ गंदा मजाक है। उन्होंने कहा अब भी अधिकांश भारतीय ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करते हैं जहां विशेष कर उत्तराखंड में लोगों द्वारा सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण व्यक्तिगत मान सम्मान की तरह किया जाता है। तीलू रौतेली पुरस्कार एवं सरोजिनी नायडू पुरस्कार से सम्मानित कांग्रेसी नेत्री खष्टी बिष्ट ने कटाक्ष करते हुए कहा कि उत्तराखंड जैसे सभ्य और सुघड़ देवभूमि में सांस्कृतिक परंपराओं के साथ कोई छेड़छाड़ स्वीकार नहीं की जाएगी।

### सड़क पर टूटी जाली हादसा को दे रहा न्योता

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल जीआईसी व जेल गेट के बीच सड़क नाली में टूटी जाली दो पहियां वाहन सवारों के लिए खतरा बन गई है। बीच सड़क में नाली के ऊपर जाली न होने से स्कूटी व बाइक सवारों के गिरने का खतरा बढ़ गया है। तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने एनएच के अधिकारियों से जल्द नाली के ऊपर जाली लगाने की मांग की है। बता दें कि बीते लंबे समय से नैनीताल- हल्द्वानी रोड में जेल गेट के समीप बीच सड़क नाली के ऊपर लगाई जाली टूट गई थी। लोगों की शिकायत के बाद विभाग ने टूटी हुई जाली की जगह नई जाली लगा दी थी लेकिन दोबारा जाली टूटने से सड़क के बीच गड्ढा बन गया है जिससे वाहनों के फं सने का खतरा व बाइकों के गिरने का खतरा बना हुआ है। मंगलवार को मौके पर हुए हादसे के बाद तल्लीताल के थाना प्रभारी रमेश सिंह बोरा ने एनएच के सहायक अभियंता से नाली में जाली लगाने की मांग की है। बोरा ने बताया कि विभाग ने जल्द जाली लगाने का आश्वासन दिया है।

### नाबालिग बाइक चलाने वालों के खिलाफ अभियान

**नैनीताल।** नैनीताल में नाबालिग बाइक चालकों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चाला दिया है। नाबालिगों की ओर से वाहन चलाने पर पुलिस की ओर से कार्रवाई की जा रही है।

बता दें कि नैनीताल नगर में माता पिता अपने नाबालिग बच्चों के हाथ दो पहिंया वाहन दे रहे हैं। जिसके चलते नाबालिग बिना हेलमेट बाइक सड़कों पर दौड़ा रहे हैं। पुलिस के रोकने पर वह कट मारकर भाग रहे हैं। पुलिस ने नाबालिगों को बाइक चलाता देख अभियान चला दिया है। तल्लीताल पुलिस की ओर से नाबालिग बाइक चालकों पर नजर रखी जा रही है। उनको पकड़कर उनके माता पिता को बुलाकर काउंसलिंग की जा रही है। साथ ही कार्रवाई भी की जा रही है। एसओ रमेश बोरा ने बताया कि माता पिता को बच्चों पर ध्यान देना चाहिए। आसपास कई हादसों के बाद भी माता पिता नहीं चेत रहे हैं। जिसके चलते अब पुलिस कार्रवाई के साथ बच्चों व उनके परिजनों की काउंसलिंग भी कर रही है। उन्होंने अपील की है कि नगर में कोई भी परिजन अपने नाबालिग बच्चों को दो पहिंया वाहन न दे। उन्होंने कहा कि पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की नैनीताल कमेटी की बैठक आयोजित

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

ऐक्टू से संबद्ध उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की नैनीताल कमेटी की बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में ऐक्टू के 24 से लेकर 26 फरवरी को दिल्ली में होने जा रहे राष्ट्रीय सम्मेलन, आशा संगठन, सदस्यता, आंदोलन आदि मुद्दों पर चर्चा करते हुए आगे की रणनीति बनाई गई।

बैठक को संबोधित करते हुए उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष कमला कुंजवाल ने कहा कि आशा जैसी महिला कामगारों का खुला शोषण यह सत्तासीन भाजपा सरकार कर रही है। चार लेबर कोड लागू होने के बाद महिला कामगारों का शोषण और बढ़ेगा। आशाओं से वादा करके वादा खिलाफी करना भाजपा सरकार का चरित्र बन गया है जिसका जवाब आशाओं को मजबूत संगठन बना कर देना होगा। अगर सरकार का यही रवैया चलता रहा तो आशाएं पुनः आंदोलन को बाध्य होंगी। यूनियन के प्रदेश महामंत्री डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि आशा वर्कर्स के साथ वादे के बावजूद राज्य सरकार ने आशाओं के साथ लगातार धोखा किया है। इससे स्पष्ट हो गया है कि धामी सरकार आशाओं की दुर्दशा के प्रति भारी असंवेदनशील है। वक्त का तकाजा है कि राज्य सरकार को तत्काल आशाओं की न्यूनतम वेतन, कर्मचारी का दर्जा, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा जैसी मांगों को पूरा करना चाहिए। यूनियन नेताओं ने कहा किए राज्य में आशाओं के 2 अगस्त से 31 अगस्त 2021 तक एक माह के कार्यबहिष्कार, हड़ताल और आंदोलन के बाद राज्य के मुख्यमंत्री धामी ने 31 अगस्त 2021 को आशाओं के प्रतिनिधिमंडल से डी जी हेल्थ उत्तराखण्ड के प्रस्ताव के अनुरूप 11500 रुपए के मानदेय का शासनादेश जारी करने का वायदा किया था लेकिन तीन साल से अधिक बीत जाने के बाद भी भाजपा की उत्तराखण्ड सरकार और उसके मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने वादे पर अमल नहीं किया है। राज्य सरकार को तत्काल इस वादे को पूरा करना चाहिए। बैठक में ऐक्टू के 24 से 26 फ रवरी को दिल्ली में होने जा रहे राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की गई। 24 फरवरी को तालकटोरा स्टेडियम दिल्ली में आयोजित होने वाले ओपन सत्र में जिले से भी बड़ी संख्या में आशा वर्कर्स भागीदारी करेंगी। बैठक को संगठन की कोषाध्यक्ष रमा गैड़ा समेत चंद्रा सती, भगवती शर्मा, ममता आर्य, माधवी दरमाल तथा प्रभा बिष्ट आदि ने मुख्य रूप से संबोधित किया।

# तहसील दिवस का आयोजन

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

तहसील दिवस का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता तहसीलदार सचिन कुमार ने की तहसील दिवस में पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने इंदिरा नगर बनभूलपुरा हल्द्वानी की अनेक समस्याएं तहसीलदार तहसील दिवस प्रभारी के सामने रखी। शकील अहमद सलमानी ने इंदिरा नगर में सीवर लाइन बिछाने की मांग रखी इंदिरा नगर बनभूल पूरा की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग रखी करने की मांग रखी तथा खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने की मांग रखी। राजकीय बालक इंटर कॉलेज में उर्दू अध्यापक की नियुक्ति करने की मांग रखी तथा लिखित शिकायत दर्ज कारण उनके साथ पहुंचे बहुत से लोगों ने विधवा वृद्धा विकलांग पेंशन की समस्याएं रखी इंदिरा नगर छोटी सड़क का निर्माण करने की मांग रखी इसके अलावा भी अनेक समस्याएं दर्ज कारण तहसील दिवस प्रभारी ने शकील सलमानी को आश्वासन दिया क्यों उनकी समस्याएं संबंधित विभागों को भेज दी जाएगी और समस्याओं को हल करने का प्रयास किया जाएगा ।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# शादी से पूर्वी ही मंगेतर पर लगाई दहेज उत्पीड़न का आरोप, अपराध से दोषमुक्त

**हल्द्वानी /देहरादून**
**हमारे संवाददाता**

थाना काठगोदाम में अपराध संख्या 21/ 2017 के रूप में पीड़िता असिस्टेंट प्रोफेसर की माता रागिनी मंड़ेली द्वारा दी गई तहरीर पर दर्ज किया गया उनके द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर सुरेंद्र कुमार पर अपनी पुत्री अल्फा मंड़ेला को 10 लाख दहेज के लिए फोन के माध्यम से प्रताड़ित करने के संबंध में तहरीर दिया गया।

तहरीर के कथन अनुसार पीड़िता और अभियुक्त दोनों व्यावसायिक तौर पर असिस्टेंट प्रोफेसर थे दोनों की शादी मेट्रोमोनियल साइड देहरादून से ताई हुई थी 15 मार्च 2017 को शादी की तिथि नियत थी परंतु अभियुक्त सुरेंद्र कुमार द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करने गाली गलौज करने को लेकर शादी से ठीक 3 दिन पहले थाना काठगोदाम में शिकायत दी गई। जिस पर थाना काठगोदाम द्वारा, 3/4 दहेज अधिनियम एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 504 के तहत आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया अभियोजन द्वारा वाद के विचारण एवं अपराध को सिद्ध करने के लिए 8 गवाहों एवं 7 दस्तावेज साक्षी प्रस्तुत किए अभियुक्त सुरेंद्र कुमार की ओर से अधिवक्ता रविंद्र राजीव बिष्ट तथा बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव राजन सिंह मेहरा द्वारा अभियुक्त को निर्दोष साबित करने के लिए अपनी कड़ी मेहनत और गवाहों के बयानों में विरोधाभास उत्पन्न किए गए तथा माननीय उच्चतम न्यायालय की नजीरो को न्यायालय में प्रस्तुत करने के पश्चात न्यायिक मजिस्ट्रेट (2) विशाल गोयल द्वारा अभियुक्त को अपराध से दोष मुक्त कर दिया।

# पांच दिवसीय बॉर्डर क्षेत्र युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम जारी

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

नेहरू युवा केंद्र एवं माई भारत नैनीताल, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र में चल रहे पांच दिवसीय बॉर्डर क्षेत्र युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा।

दूसरे दिन के कार्यक्रमों की शुरुआत प्रतिभागियों द्वारा योग से की और वहीं प्रथम स्तर में प्रशिक्षक पुष्कर दानू द्वारा उत्तराखंड की लोक संस्कृति एवं भाषा पर रही जिसमें सभी राज्यों के प्रतिभागियों ने अपने अपने जिले की तीज त्योहार एवं खान पान पर चर्चा की और वहीं द्वितीय चरण में एटीआई नैनीताल के प्रशिक्षक डॉ. मंजू पांडे द्वारा समुदाय विकास में युवाओं की भूमिका विषय पर चर्चा की, साथ ही आपदा प्रबंधन में युवाओं की भूमिका विषय पर भी चर्चा का विषय बना जबकि तृतीय चरण में प्रशिक्षक देवेंद्र सिंह कोटलिया ने नेतृत्व, कौशल विकास और कैरियर परामर्श विषय में युवाओं को जागरूक किया जबकि चतुर्थ एवं अंतिम सत्र में जिला युवा अधिकारी डॉल्बी तिवेतिया ने माई भारत एवं युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा युवाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रतिभागियों को दी और साथ ही एक भारत श्रेष्ठ भारत के अंतर्गत चलाए जा रहे आदान प्रदान कार्यक्रमो के महत्व बताए। सायंकालीन सत्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सभी राज्यों के युवाओं ने प्रतिभाग किया और एक दूसरे के राज्यों के संस्कृति को जाना। कार्यक्रम में आरती, रूपा तथा अनुज आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में राजस्थान के बाड़मेर, पंजाब के अमृतसर, बिहार के मधुबनी, उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी एवं पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर के 5-5 युवा एवं दो ग्रुप लीडर समेत कुल 27 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।



# अभिमत

## पेंशनर्स की उपेक्षा

*निजी क्षेत्र के करोड़ों कर्मचारियों को वृद्धावस्था में भरण-पोषण के लिए पेंशन स्कीम से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद थी, परन्तु इतनी कम पेंशन दी जाती है कि उससे सेवानिवृत्त व्यक्ति एक वक्त का भोजन भी नहीं कर सकता है। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति कई वर्षों से साढ़े सात हजार रुपये पेंशन, महंगाई भत्ता और चिकित्सा सुविधा की मांग कर रही है। केन्द्र सरकार के बजट से पहले पूरे देश के पेंशनर्स ने एक बार फिर सरकार से यह मांग की है। हर साल बजट से पहले पेंशनर्स अपनी पीड़ा सरकार को बताते हैं, लेकिन सरकार अनसुनी कर देती है।*

निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन का प्रावधान तीन दशक पहले किया गया। कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन में कर्मचारियों के वेतन से जमा होने वाले फंड का निर्धारित भाग पेंशन के खाते में जमा किया जाता है और सेवानिवृत्त होने पर वही राशि पेंशन के तौर पर दी जाती है। वर्ष 1995 में पेंशन देने का निर्णय केन्द्र सरकार ने किया था, उससे पहले निजी क्षेत्र के कर्मचारियों को पेंशन नहीं मिलती थी। पेंशन स्कीम को ईपीएस-95 नाम दिया गया। निजी क्षेत्र के करोड़ों कर्मचारियों को वृद्धावस्था में भरण-पोषण के लिए पेंशन स्कीम से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद थी, परन्तु इतनी कम पेंशन दी जाती है कि उससे सेवानिवृत्त व्यक्ति एक वक्त का भोजन भी नहीं कर सकता है। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति कई वर्षों से साढ़े सात हजार रुपये पेंशन, महंगाई भत्ता और चिकित्सा सुविधा की मांग कर रही है। केन्द्र सरकार के बजट से पहले पूरे देश के पेंशनर्स ने एक बार फिर सरकार से यह मांग की है। हर साल बजट से पहले पेंशनर्स अपनी पीड़ा सरकार को बताते हैं, लेकिन सरकार अनसुनी कर देती है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यूनतम पेंशन निर्धारण के लिए कोश्यारी समिति का गठन किया था। समिति ने तीन हजार रुपये न्यूनतम पेंशन की सिफारिश की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने द्वारा बनाई गई समिति की सिफारिश पिछले दस साल में लागू नहीं की। वर्ष 2013 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार ने न्यूनतम पेंशन एक हजार रुपये का निर्णय किया था। उस समय प्रमुख विपक्षी दल भाजपा ने बहुत कम बताया था, लेकिन तीसरी बार सत्ता प्राप्त होने पर भी पेंशन नहीं बढ़ाई। वर्ष 2013 से पहले तो अनेक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को तीन-चार सौ रुपये पेंशन मिलती थी। मनमोहन सिंह की सरकार ने न्यूनतम पेंशन का निर्णय लिया। चुनाव के बाद भाजपा सरकार ने लागू किया, इसका श्रेय भी प्रधानमंत्री मोदी ले रहे हैं, जो अनुचित है। कर्मचारियों का बिना भुगतान फंड का लाखों करोड़ रुपये सरकार के खाते में जमा है, उस राशि की ब्याज से ही कर्मचारियों को न्यूनतम 20 हजार रुपये पेंशन दी जा सकती है। सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसर लगातार घटते जा रहे हैं। सरकारी विभागों में नई भर्तियां कम हो गई हैं। निजी क्षेत्र का दायरा बढ़ा है। सरकार द्वारा निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के जीवनयापन के बारे में जनहित में निर्णय लेने की जरुरत है। पेंशन बढ़ाने का भार बजट पर नहीं पड़ेगा।

# 214वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को शीघ्र जारी करने को लेकर किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन मंगलवार को 214वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने जनपद बागेश्वर के पदाधिकारियों के साथ उप जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा को पौधा देकर ज्ञापन दिया। उप जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा ने तहसील परिसर में निगम के पदाधिकारियों के साथ पौधारोपण किया तथा कहा कि वह उनकी मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाएंगे।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के तहत यह सराहनीय कार्य है। इसके बाद दिनेश गुरुरानी की अध्यक्षता में जनपद बागेश्वर की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष के लिए पर्यटक आवास गृह कौसानी के महेश कुमार दास वही गैस सर्विस कपकोट के लक्ष्मण सिंह रावत को महामंत्री जबकि गैस सर्विस बागेश्वर के राजेश कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष के लिए पर्यटक आवास गृह बागेश्वर के दयाल सिंह ,गैस सर्विस गरुड़ के दीपक रावत जबकि गैस सर्विस गरुड़ के संतोष कांडपाल बनाए गए वहीं उपाध्यक्ष के लिए कांडा गैस सर्विस के जितेंद्र धपोला व पिंडारी ग्लेशियर ट्रेक के तारा सिंह एवं पर्यटक आवास गृह बैजनाथ के अशोक सिंह बनाए गए जबकि सचिव पद के लिए पर्यटक आवास गृह कौसानी के हरीश कुमार, पर्यटक आवास गृह कौसानी के रणजीत सिंह व पर्यटक आवास गृह बैजनाथ के नैन सिंह बनाए गए। संगठन मंत्री के लिए गरुड़ गैस सर्विस की पूजा गोस्वामी तथा प्रचार मंत्री के लिए पर्यटक आवास गृह बागेश्वर के मनोज आर्या व संयोजक के लिए पर्यटक आवास गृह बैजनाथ के प्रबंधक हरीश सिंह मेहरा को बनाया गया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिनेश गुरुरानी के द्वारा हिमालय बचाओ शपथ दिलाई गई वह सभी पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने पौधारोपण आंदोलन के तहत पर्यटक आवास गृह बैजनाथ में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया। आज के पौधारोपण कार्यक्रम व कार्यकारी के गठन कार्यक्रम में महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला समेत महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी, उपाध्यक्ष गौतम कुमार व पीतांबर दुमका, धर्मानंद जोशी, गैस सर्विस बागेश्वर के प्रबंधक देवेंद्र राठौर, निखिलेश बिष्ट, वेद प्रकाश भट्ट, नरेंद्र थापा सहित पर्यटक आवास गृह बागेश्वर, पर्यटक आवास गृह कौसानी, पर्यटक आवास गृह बैजनाथ, पिंडारी ग्लेशियर यात्रा मार्ग गैस सर्विस कपकोट गैस सर्विस गरुड़ गैस सर्विस बागेश्वर के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। बता दें कि जनपद बागेश्वर के चुनाव पर्यटक आवास गृह बैजनाथ में हुए। ज्ञापन गरुड़ के उप जिलाधिकारी जितेंद्र वर्मा को दिया।

## पानी के साथ सीवर बहने से लोगों में रोष

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल धोबीघाट क्षेत्र में डांठ से बहते पानी के साथ सीवर बहने से लोगों में रोष है। लोगों ने सोशल मीडिया में वीडियो डालकर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

बता दें कि नैनीताल में वर्षभर कई क्षेत्रों में सीवर बहने की समस्या से लोग परेशान हैं। इधर तल्लीताल के धोबीघाट क्षेत्र में भी मंगलवार की सुबह डांठ से निकलने वाले नाले के पानी के साथ भारी मात्रा में सीवर बहता रहा जिसका लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में डाला है। जिसमें भारी मात्रा में सीवर व नाले में कूड़ा नजर आ रहा है। लोगों ने प्रशासन ने कार्रवाई की मांग की है। इधर जल संस्थान के सहायक अभियंता डी.एस. बिष्ट ने बताया कि मामला उनकी संज्ञान में आया है। सीवर के लीकेज का पता लगाया जा रहा है जल्द ही समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

## भाकियू प्रदेश अध्यक्ष रवि पंवार का हल्द्वानी में भव्य स्वागत

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**




भारतीय किसान यूनियन प्रधान उत्तराखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष रवि पवार प्रथम बार हल्द्वानी पहुंचे। जिनका भारतीय किसान यूनियन के पद अधिकारियों के द्वारा गर्म जोशी के स्वागत किया गया वहीं बताया गया है कि भारतीय किसान यूनियन हल्द्वानी की नई कार्यकारिणी गठित की जाएगी एवं कुछ पदाधिकारी को नए दायित्व सौंपे जाएंगे एवं भारतीय किसान यूनियन प्रधान द्वारा किसान यूनियन का विस्तार किया जाएगा।

जिसका मुख्य उद्देश्य है कि किसानों की समस्या एवं किसानों के उत्थान के लिए विचार विमर्श कर एक रणनीति तय की जाएगी। वही पदाधिकारी के द्वारा यह भी बताया गया है कि जहां एक और वर्तमान सरकार किसानों के उत्थान के लिए बड़ी-बड़ी बातें करती है आय बढ़ाने की बातें करती है वही लगातार वर्तमान सरकार के द्वारा किसानों का भारी उत्पीड़न किया जा रहा है वहीं निवर्तमान समय में अपनी मांगों को लेकर कई किसान यूनियनो के द्वारा दिल्ली में भी अपनी मांगों को लेकर बड़ा आंदोलन किया गया था उसे आंदोलन को कूचलने के लिए भी सरकार के द्वारा बहुत कड़े कदम उठाए गए थे जिसको लेकर देश के किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है लगातार देश में अन्नदाता किसानों की अनदेखी की जा रही है एवं किसानों का उत्पीड़न लगातार किया जा रहा है इसी बात को लेकर आज हल्द्वानी में भारतीय किसान यूनियन प्रधान उत्तराखंड के द्वारा विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है कार्यक्रम में सुरेश सिंह बिष्ट ,मोहन चंद्र कांडपाल ,राजेश रस्तोगी ,गोविंद सिंह गेरा ,इंतजार अहमद, हरपाल शर्मा, राजेंद्र सिंह भंडारी कमलेश कंडारी चंदन सिंह कथायत अमरजीत सिंह,हरेंद्र सिंह राणा, प्रकाश आर्य ,सुरेश सिंह बिष्ट, हेमंत सिंह नगलटिया, हरमिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## सोनू सूद ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से की मुलाकात



*बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात की और राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए चार एम्बुलेंस डोनेट किए। हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात की और राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए चार एम्बुलेंस डोनेट किए। अभिनेता ने सोमवार को सीएम नायडू का सूद चैरिटी फाउंडेशन को दिए गए समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और आभार जताया। अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर सोनू सूद ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के साथ कई तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह मुख्यमंत्री का अभिवादन करते और उनके साथ पोज देते नजर आए। अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, एम्बुलेंस जीवन बचाने में महत्वपूर्ण हैं और मैं आंध्र प्रदेश राज्य को चार एम्बुलेंस दान करके रोगियों को समय पर इलाज देने की इस यात्रा की शुरुआत करके खुश हूं। स्वस्थ भारत की दिशा में काम करने के हमारे प्रयासों को जारी रखने के लिए समर्थन और मार्गदर्शन के लिए चंद्रबाबू नायडू सर का हार्दिक धन्यवाद।*

### सीएम ने दिया धन्यवाद

*सीएम चंद्रबाबू नायडू ने भी सोनू सूद से मुलाकात के बाद अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने अभिनेता को राज्य को चार एम्बुलेंस दान करने के लिए धन्यवाद दिया। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर सीएम ने लिखा, आपसे मिलकर खुशी हुई, सोनू सूद और सोनू सूद फाउंडेशन के माध्यम से आंध्र प्रदेश को एंबुलेंस के डोनेशन के लिए धन्यवाद। आपकी सराहनीय पहल स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगी और दूरदराज के क्षेत्रों में समय पर चिकित्सा देखभाल पहुंचाएगी। अभिनेता सोनू सूद को आखिरी बार उनकी पहली निर्देशित फिल्म 'फतेह' में देखा गया था। हालांकि, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर संतोषजनक प्रदर्शन नहीं किया।*

## पीड़िता द्वारा युवक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोपी दोषमुक्त

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

थाना लालकुआं में पीड़िता द्वारा युवक पर आरोप लगाते हुए तहरीर में अंकित किया की दिनांक 27 -1- 2022 को लगभग 6:00 बजे अपने घर से दूध देने सड़क पर जा रही थी तभी अचानक पीछे से आए मनोज शाही ने उसे पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा पीड़िता द्वारा विरोध करने पर मनोज शाही द्वारा पास में पड़े डंडे को उठाकर उसके सर में तबा-तोड़ प्रहार किया।

जिसे पीड़िता का दाहिना हाथ फैक्चर हो गया तथा उसकी सर पर गंभीर चोट आने के कारण 19 टांके लगे और शरीर के अन्य भागों में गंभीर छोटे जिसका इलाज सुशीला तिवारी अस्पताल में किया अभियुक्त द्वारा पीड़िता के कपड़ों को फाड़ कर बेइज्जत करना मोबाइल लूटने और कान के कानफूलों को लेकर भाग जाना के संबंध में देने की पश्चात थाना द्वारा प्रथम सूचना रिपोर्ट अंतर्गत धारा 408 392 504 506 भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज करने के पश्चात जांच के दौरान जांच अधिकारी द्वारा पीड़िता द्वारा लूटपाट होना नहीं पाया जिस आधार पर लूट और गाली गलौज जान से मारने की धमकी का लोक कर दिया गया।

अभियुक्त के विरुद्ध की अंतर्गत धारा 308 गैर इरादों हत्या करने का प्रयास तथा 354 महिला के साथ छेड़खानी करने की धारों में आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया जिस पर अभियोजन द्वारा अपनी पक्ष को साबित करने के लिए 9 गवाहों एवं 12 परपत्रों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया मनोज शाही की ओर से पैरवी कर रहे। माननीय अपर जिला प्रथम हल्द्वानी अमरिंदर सिंह द्वारा अभियुक्त मनोज सिंह शाही दोष मुक्त कर दिया गया।

# उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल आफ मीडिया एंड ऐडवांस स्टडीज का उद्घाटन किया

**देहरादून/नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सूबे की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी एवं पूर्व डीजीपी अनिल रतूडी ने मंगलवार को के.के. टावर स्थित उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल आफ मीडिया एंड ऐडवांस स्टडीज का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तराखण्ड हेरिटेज स्कूल सिर्फ़ मीडिया के एडमिन हेड डॉ के.एस. नेगी ने मुख्य अतिथि राधा रतूड़ी एवं अनिल रतूड़ी का स्वागत करते हुए किया। उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल आफ मीडिया एंड ऐडवांस स्टडीज की फ उन्डर एंड डायरेक्टर डॉ. कंचन नेगी ने पुन~ उनका स्वागत किया और अपने कॉलेज के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि ये कोलेज टूरिज्म पत्रकारिता और होटल मैनजमेंट का एक ऐसा एक



संस्थान है जो कि बच्चों के सर्वांगीण कौशल एवं विकास पर केन्द्रित है और बच्चों का पढाई के तुरंत बाद प्लेसमेंट की गारंटी देता है। डॉ कंचन को उनके जन्मदिन के शुभ अवसर पर इस उद्घाटन के लिए बधाई देते हुए मुख्य अतिथि मुख्य सचिव राधा रतूडी ने कहा जीवन के उत्थान में परिश्रम का महत्वपूर्ण स्थान है। जीवन में आगे बढने् के लिएए ऊँचा उठने के लिए सुयश प्राप्त करने के लिए श्रम ही आधर है। श्रम से कठिन कार्य सम्पन्न किए जा सकते हैं। जो श्रम करता हैए उसका भाग्य भी उसका साथ देता है। श्रम के सोपनों का अवलम्ब लेकर मनुष्य अपनी मंजिल पर पहुंच जाता है और कंचन की मेहनत आज रंग लाई है और उसके साथ दृ साथ कंचन के माता दृदृ पिता डॉ केण् एस नेगी और सुशीला नेगी को भी हार्दिक शुभकामनाएं जिन्होंने कभी बेटा और बेटी में कोई फर्क नहीं समझा और बेटी को सक्षम और सशक्त बनाया। इस कालेज को मैं तहे दिल से ऊंचे शिखर तक पहुँचने की ढेर सारी शुभकमनाएं देती हूँ।

वहीं अनिल रतूड़ी ने कहाए ये अत्यंत गौरव का दिन है कि डॉ. कंचन के जन्मदिन के शुभ अवसर पर उनके उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल आफ मीडिया एंड ऐडवांस स्टडीज का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया है। परिश्रम ही मानव जीवन का सच्चा सौंदर्य है क्योंकि परिश्रम के द्वारा ही मनुष्य अपने को पूर्ण बना सकता है। परिश्रम ही उसके जीवन में उत्कर्ष और महानता लाने वाला है और ये ही ईश्वर की सच्ची उपासना है। उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल आफ मीडिया एंड ऐडवांस स्टडीज निश्चित ही बच्चों के भविष्य को एक बेहतरीन स्वरुप देगा शिक्षा मानव समाज के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल ज्ञानार्जन का साधन हैए बल्कि यह समाज के न्यायए समानताए और विश्वसम्मतता को प्राप्त करने का माध्यम भी है। शिक्षित लोग समाज में सक्रिय भूमिका निभाते हैं और सामरिकताए संप्रेमए और सद्भाव की स्थापना करते हैं। शिक्षाए व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाती हैए उसे सही नीतियोंए मूल्योंए और संस्कृति का ज्ञान प्रदान करती है।

शिक्षा उन गुणों का विकास करती है जो एक व्यक्ति को समाज में सफल बनाते हैं जैसे कि बुद्धिमत्ता, सहजता, विचारशीलता व संघटनशीलता और संगठन क्षमता और मैं पुन~ डॉ कंचन नेगी को इस उपलब्धि पर ढेरों शुभकामनाएं देता हूं।

## News कॉर्नर

### एनीमिया मुक्त भारत महाअभियान में 80 से अधिक महिलाओं की जांच

**नैनीताल ।** एनीमिया मुक्त भारत महाअभियान तीन फरवरी सोमवार से शुरू हो चुका है। इसी क्रम में राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में 80 से अधिक महिलाओं की जांच की गई। इससे पूर्व सोमवार को एनीमिया मुक्त भारत महा अभियान का शुभारंभ एसीएमओ डॉ. संजीव खर्कवाल ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर बीडी पांडे जिला अस्पताल की प्रभारी पीएमएस डॉ. द्रौपदी गर्ब्याल ने बताया कि अभियान के तहत अस्पताल में 80 से ज्यादा लोगों की जांच की। इस दौरान महिलाओं को आयरन, कैल्शियम की गोलियां और ग्लूकोज भी वितरित किया गया,साथ ही महिलाओं को पोषण किट बांटा गया। इस दौरान डॉ.ममता पांगती, डॉ. रुचि गुप्ता, डॉ. प्रेमा समेत मेट्रन शशिकला पांडे समेत आशा कार्यकर्ताएं मौजूद रहीं।

# स्वास्थ्य जांच शुल्क में की बढ़ोतरी के विरोध में सीएम का पुतला फूंका

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

राज्य सरकार द्वारा राजकीय सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में पर्चे व स्वास्थ्य जांचों के शुल्क में की गई भारी बढ़ोतरी के विरोध में यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू व पार्षद प्रीति आर्या के अगवाई में कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध करते हुए सीएम के पुतले को आग के हवाले कर करते हुए जमकर नारेबाजी की।

इस मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हेमन्त साहू ने कहां कुमाऊं भर के गरीबों के इलाज का मात्र एक सहारा सुशीला तिवारी हॉस्पिटल को राज्य की धामी सरकार ने लूट का अड्डा बना दिया जिससे गरीबों में भारी रोष है। साहू ने सरकार को चेतावनी दी हैं तत्काल दामों को वापस नहीं लिया तो उग्र आंदोलन किया जायेगा।



कांग्रेस जिला सचिव विक्रम रंधावा व राजेन्द्र बिष्ट व दीपा खत्री ने कहां सरकार लगातार जनता को हर जगह मंहगाई की मार दे रही हैं गरीब आदमी को इलाज के लिये परेशान होना पड़ेगा। पुतला दहन करने वालों में पार्षद प्रीति आर्या काग्रेस जिला सचिव विक्रम रंधावा बेनेट चरन शानू अल्वी नंदनी खत्री विद्या देवी सरिता आर्या राजेन्द्र बिष्ट साहिल राज कमला देवी अनीता आर्या काजल कश्यप काजल आर्या प्रिया देवी समेत तमाम लोग थे।

# राष्ट्रीय खेलों में मेजबान उत्तराखंड का उल्लेखनीय प्रदर्शन दो स्वर्ण सहित नौ पदक मिले

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

राष्ट्रीय खेलों में मेजबान उत्तराखंड का उल्लेखनीय प्रदर्शन देखने को मिला। राज्य को दो स्वर्ण सहित नौ पदक मिले। इससे पदक तालिका में राज्य छलांग लगाते हुए 19 से 15वें स्थान पर पहुंच गया है।

ओपन कैनोइंग सिंगल महिला वर्ग और योगासन में राज्य को एक-एक स्वर्ण पदक मिला है। रीना सेन ने ओपन कैनोइंग सिंगल महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। जबकि योगासन टीम स्पर्धा में हर्षित, अजय, प्रियांशु, शशांक और रोहित को स्वर्ण पदक मिला है। बैडमिंटन में राज्य को दो रजत और दो कांस्य पदक मिले हैं। ओपन बैडमिंटन के पुरुष एकल में सूर्याक्ष रावत, महिला युगल में अनन्या बिष्ट व एंजल पुनेड़ा ने रजत पदक जीता है। बैडमिंटन पुरुष युगल में सोहेल अहमद व चयनित जोशी एवं महिला युगल में गायत्री व मंशा रावत को कांस्य पदक मिला। राष्ट्रीय खेलों



की पदक तालिका के मुताबिक योगासन में मेजबान उत्तराखंड के पास पदकों की संख्या पांच हो गई है। इसमें एक स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य पदक शामिल है।

बताया गया है कि योगासन में राज्य को पहले जो रजत मिला उस पर ज्यूरी के सामने यह बात उठाई गई कि राज्य को रजत नहीं बल्कि खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर स्वर्ण पदक मिलना चाहिए था। ज्यूरी के निर्णय के बाद इसे स्वर्ण पदक किया गया।

# 38वें राष्ट्रीय खेलों के स्विमिंग प्रतियोगिता का आज समापन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

38वें राष्ट्रीय खेलों के स्विमिंग प्रतियोगिता का आज समापन हो गया, जिसमें कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने विभिन्न इवेंट्स में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए। इस अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ के पूर्व महासचिव राजीव मेहता भी उपस्थित थे।कमिश्नर दीपक रावत ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों ने देवभूमि उत्तराखंड को देश में एक नई पहचान दिलाई है। हल्द्वानी में स्विमिंग, ट्रायथलॉन, खो-खो, फुटबॉल और कल से शुरू हो रहे ताई कमांडो जैसे खेलों का आयोजन हुआ है, जिससे हल्द्वानी को भी राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान मिली है।राष्ट्रीय खेलों के दौरान पूरे प्रदेश में खेलों की आधारभूत संरचना में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिससे अब किसी भी खेल के लिए अन्य राज्यों की ओर रुख करने की आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार 38वें राष्ट्रीय खेलों पर नजर बनाए हुए हैं और रोजाना हो रहे खेलों की जानकारी और खिलाड़ियों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अपडेट ले रहे हैं।14 फरवरी को पुरस्कार समारोह आयोजित होना है, जिसमें देश के गृह मंत्री अमित शाह मुख्य अतिथि के रूप में हल्द्वानी पहुंचेंगे। पोलो वाटर स्पर्धा में सर्विसेज ने महाराष्ट्र को 10-9 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। तैराकी प्रतियोगिता सम्पन्न हो गई है। प्रतियोगिता में पुरुषों में प्रथम कर्नाटक, द्वितीय तमिलनाडु तथा तृतीय स्थान पर महाराष्ट्र रही। महिलाओं में कर्नाटक प्रथम, महाराष्ट्र द्वितीय तथा उड़ीसा तृतीय स्थान पर रही, कर्नाटक की धीनिधि ने तैराकी की कुल 11 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया जिसमें उन्होंने 9 स्वर्ण,1 रजत और एक कांस्य पदक हासिल किया। 11 पदकों में से 6 स्वर्ण पदक व्यक्तिगत धीनिधि के नाम है। 5 रिले में हैं। सभी प्रतिभागियों द्वारा राष्ट्रीय खेलों के अयोजन की सराहना।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में बिताए पलों की बेहतर यादों को लेकर अपने राज्य वापस लौट रहे हैं।



### बाइक रपटने से युवक घायल

**नैनीताल ।** नैनीताल से हल्द्वानी की ओर जा रहा युवक सड़क पर बाइक रपटने से घायल हो गया। राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में घायल को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। जानकारी के अनुसार तल्लीताल निवासी अयमन नैनीताल से अपने बाइक से हल्द्वानी की ओर जा रहा था। वह ताकुला के समीप पहुंचा ही था कि हल्के ब्रेक लगाने पर उसकी बाइक रपट गई। वह बाइक समेत सडक़ पर जा गिरा और उसके हाथ पैर में चोट लग गई।

# सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

विगत 14 अप्रैल 2024 को हुई एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह दुर्घटना हल्द्वानी से देवलचौड़ की ओर जा रही एक स्कूटी द्वारा उसके वाहन से टक्कर मारने के कारण हुई। स्कूटी का चालक रोहित उर्फ राजेश्वर अधिकारी था, जो आनंद बाग, तल्ला गोरखपुर, हल्द्वानी का निवासी है। मृतक के पिता दलीप सिंह ने न्यायलय में दायर याचिका में बताया कि सूरज अपने वाहन से सुबह लगभग 7:30 बजे ड्यूटी से घर लौट रहा था, तभी दूसरी स्कूटी ने तेज़ रफ्तार और लापरवाही से गलत दिशा में आते हुए उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद सूरज को गंभीर चोटें आईं, जिसे तुरंत सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन 17 अप्रैल 2024 को उसकी मौत हो गई। पीड़ित का कहना है कि घटना के प्रत्यक्षदर्शी गवाह रोहित विश्वास और अभय सक्सेना ने घटना की जानकारी उन्हें दी। इसके बाद दलीप सिंह ने पहले मौखिक रूप से और फिर 3 अगस्त 2024 को एक तहरीर थाना हल्द्वानी को भेजी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद प्रार्थी ने 14 अगस्त 2024 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल को भी पत्र भेजा, लेकिन थाना हल्द्वानी ने कोई उत्तर नहीं दिया। दलीप सिंह ने आरोप लगाया कि थाना मुखानी के दरोगा ने उन्हें थाने बुलाकर बैठाया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अंततः, कार्रवाई में लापरवाही और अनदेखी से परेशान होकर प्रार्थी न्यायालय का रुख किया। उन्होंने न्यायालय से थाना हल्द्वानी को आदेश देने की अपील की है कि वह घटना की प्राथमिकी दर्ज करें और आरोपी स्कूटी चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# साहित्य भूषण सम्मान से साहित्यकार द्विवेदी सम्मानित

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

हल्द्वानी निवासी वरिष्ठ साहित्यकार रमेशचन्द्र द्विवेदी को देहरादून में साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अभ्युदय वात्सल्यम् द्वारा संस्था नगर निगम देहरादून के सुसज्जित सभागार में किया गया।

लोक संस्कृति महोत्सव -2025 के अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तराखंड के वित्त मंत्री मान. प्रेमचंद अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके अपने आशिर्वचन से किया । उन्होंने देवभूमि अभ्युदय पत्रिका का विमोचन भी किया। लोक संस्कृति महोत्सव के अवसर पर गढ़वाली, कुमाऊँनी,गोरख्याली, भोजपुरी एवं



अवधी भाषा के लोक कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभागार को अनुरंजित किया। स्कूली बच्चों ने मद्यपान निषेध, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ भारत एवं करो योग रहो निरोग पर चित्ताकर्षक प्रस्तुती दी। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में नगर विधायक मान.सविता कपूर मौजूद रहीं। उन्होंने कलाकारों, साहित्यकारों एवं पत्रकारों को सम्मनित भी किया। साहित्यकार रमेशचन्द्र द्विवेदी को साहित्य भूषण सम्मान उनकी उल्लेखनीय साहित्यिक सेवाओं को देखते हुए किया गया। प्रधानाचार्य के पद से सेवानिवृत्त साहित्यकार द्विवेदी ने हिन्दी भाषा को सम्वृद्ध करने के लिए गद्य और पद्य में समान अधिकार के साथ लेखन कार्य कर रहे हैं। उनकी रचनात्मक प्रतिभा को देखते हुए लाल बहादुर शास्त्री सम्मान, साहित्य गौरव सम्मान, छंदाचार्य सम्मान, सर्वश्रेष्ठ समीक्षक सम्मान सहित अनेक सम्मानों से समलंकृत किया गया है।

अभ्युदय वात्सल्यम् संस्था के संस्थापक डॉ.अशोक मिश्र क्षितिज, निदेशक डॉ.गार्गी मिश्र, साहित्यकार श्रीकांत, निशिकांत, शशिकांत, नवनीत शुक्ल, हलधर, गिरीश मैठाणी,समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। निदेशक गार्गी मिश्र ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा सभी की उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया।